THE INSTITUTE OF
Company Secretaries of India
IN PURSUIT OF PROFESSIONAL EXCELLENCE
Statutory body under an Act of Parliament

अमर उजाला
नई दिल्ली। मंगलवार। 26 फरवरी 2013
युवा दिल्ली

# पुणे के राशिद सीएस टॉपर

## कोलकाता के आदित्य दूसरे व मैसूर की अन्नपूर्णा तीसरे स्थान पर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ने दिसंबर में आयोजित कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा का रिजल्ट सोमवार को घोषित कर दिया। इस परीक्षा में पुणे के अब्दुल्ला राशिद फाखेह ने टॉप किया है।

आईसीएसआई के अध्यक्ष एसएन अनंत सुब्रह्मण्यम ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक छात्रों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा में तीनों वर्ग फाउंडेशन, एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल में लड़कियों का दबदबा रहा है। टॉपर अब्दुल्ला राशिद को 76.75 फीसदी अंक मिले हैं। कोलकाता के आदित्य विक्रम ढागा ने 65.88 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा और मैसूर (कर्नाटक) की अन्नपूर्णा श्रीकांत ने 62.63 फीसदी अंक के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया है। एग्जीक्यूटिव वर्ग में जयपुर के अमित नौलखा 73 फीसदी अंक लेकर पहले, इंदौर की प्रेरिता 72.17 फीसदी अंक के साथ दूसरे और जयपुर की हिमानी जैन 71.5 फीसदी अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही हैं। वहीं, फाउंडेशन वर्ग में चंडीगढ़ रीजन की कुड़ियों का दबदबा कायम है। तीन सीटों पर चार लड़कियों ने बढ़त की है।



### दोस्त ने बताया तो यकीन नहीं हुआ

पूना से फोन पर अमर उजाला से बातचीत करते हुए टॉपर अब्दुल्लाह ने बताया कि मुझे मेरे दोस्त ने सीएस टॉपर बनने की खुशखबरी सुनाई दी, लेकिन एक बार तो यकीन ही नहीं हुआ। इससे पहले फाउंडेशन परीक्षा में मेरा थर्ड रैंक आया था। उन्होंने कहा, 'मध्यवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखता हूं और आगे चलकर लॉ में जाना चाहता हूं। फिलहाल मैं अपनी बीकॉम फाइनल परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। कॉमर्स की पढ़ाई संग सीएस की भी लगातार तैयारी करता रहा। मेरा मानना है कि शुरू से ही अगर समय सारिणी बनाकर तैयारी की जाए तो कामयाबी जरूर मिलती है।'



### बचपन की सहेलियां यहां भी साथ-साथ

**नई दिल्ली।** खेल के मैदान से लेकर कॉलेज की कैंटीन तक साथ-साथ रहने वाली सहेलियों ने अब कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा में भी एक साथ कामयाबी हासिल की है। चंडीगढ़ की दो सहेलियों ने सीएस के फाउंडेशन वर्ग में ऑल इंडिया दूसरा रैंक हासिल किया है, वह भी बराबर अंकों के साथ। लुधियाना की निशा गर्ग ने इसी वर्ग में टॉप किया है।



निशा गर्ग

चंडीगढ़ सेक्टर-30 निवासी कनिका अग्रवाल और सेक्टर-21 की गरिमा ओसवाल ने 296 नंबर यानी 74 फीसदी अंक के साथ फांउडेशन में दूसरी रैंक हासिल की है। सेक्टर 32 स्थित एसडी कॉलेज के बीकॉम ऑनर्स की दोनों छात्राएं कहती हैं, 'हमने पहली बार ही परीक्षा पास करते हुए दूसरा रैंक हासिल किया है, यह बड़ी बात है। परीक्षा में सेकेंड टॉप करने पर दोनों के परिजनों ने भी एक साथ जश्न मनाया। वहीं, लुधियाना की निशा गर्ग ने 75.25 फीसदी अंक लेकर इस वर्ग में देशभर में टॉप किया है, जबकि हरियाणा के बयाना की प्राची मित्तल ने 73.25 फीसदी अंकों के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

# बदलेगा सीएस की परीक्षा का पैटर्न

सीमा शर्मा

**नई दिल्ली।** अब कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा बैंकों की प्रवेश परीक्षा की तर्ज पर होगी। परीक्षार्थियों को अब बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। यह व्यवस्था 2013 में होनी वाली परीक्षा में लागू होगी। वहीं, सीएस के एग्जीक्यूटिव वर्ग की परीक्षा में सीएसीपीटी और सीएमए के छात्र भी अब इस सत्र से बैठ सकेंगे।

आईसीएसआई के अध्यक्ष एसएन अनंत सुब्रह्मण्यम ने बताया कि परीक्षा और पाठ्यक्रम में बदलाव किए जा रहे हैं। ये बदलाव इसी साल से लागू माने जाएंगे। सीएस के फाउंडेशन वर्ग में फाइन आर्ट विषय को छोड़कर किसी भी स्ट्रीम के छात्रों को अब परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी। इसके साथ ही अब आगामी परीक्षा बहुविकल्पीय (मल्टीपल ) प्रश्नों पर आधारित होगी। एक प्रश्न के नीचे चार विकल्प होंगे, जिसमें से छात्र को सही उत्तर पर निशान लगाना होगा। हालांकि अब छात्रों को अन्य विकल्प नहीं मिलेंगे।

एग्जीक्यूटिव वर्ग की परीक्षा में अब सीएसीपीटी (सीए) और सीएमए (आईसीडब्ल्यूए) प्रोग्राम के पहले वर्ष के छात्र सीधे परीक्षा में बैठ सकेंगे। फाउंडेशन वर्ग के छात्रों को अब छह नहीं, सात विषयों में पढ़ाई करनी होगी। इसके पाठ्यक्रम में काफी बदलाव किए गए हैं। सुब्रह्मण्यम ने बताया कि अगले फाउंडेशन वर्ग की सीएस ओएमआर पर आधारित परीक्षा आगामी एक जून को होगी। इसके लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 25 मार्च है।

TOI 260213

# City student tops CS professional exam

TIMES NEWS NETWORK

**Pune:** City student Abdullah Rashid Fakih has topped the company secretaries' professional programme examination conducted in December 2012 by the Institute of Company Secretaries of India (ICSI). Fakih scored an aggregate of 614 marks (76.75%).

The results for the December 2012 exams for all three courses — the foundation course, CS executive course and the professional programme course — were declared on Monday by the ICSI, which is the apex body that regulates the profession of company secretaries in the country.

The professional programme is the third and final phase of the CS studies for students who join the same after clearing std XII. Only those students who qualify the CS foundation and executive courses are eligible to appear for the professional programme.



Abdullah Rashid Fakih

Aditya Vikram Daga of Kolkata (65.88%) and Annapurna Srikanth of Mysore (62.63%) were ranked second and third respectively in the professional programme course.

In the CS executive course, Amir Nolakha of Bhilwara stood first with a score of 73%, while Nisha Garg of Ludhiana topped the CS foundation course (old syllabus) with 75.25%.

In a release issued here on Monday, the ICSI said the next examination for the CS OMR-based foundation programme would be held on June 1, while that for the CS foundation programme (old syllabus), executive programme and professional programme will be held from June 2 to 9.

The last date for receipt of enrolment applications with requisite examination fees is March 25. Students can access the ICSI websites — www.icis.edu and www.icsi.in — for details of the results and information on the forthcoming examinations.

नई दिल्ली, मंगलवार, 26 फरवरी 2013
www.businessbhaskar.com
बिज़नेस भास्कर कॉरपोरेट

# सीएस फाउंडेशन परीक्षा में लुधियाना की निशा गर्ग ने किया टॉप

**बिजनेस भास्कर** ◆ नई दिल्ली

**कंपनी** सेक्रेटरी के सीएस फाउंडेशन कार्यक्रम, सीएस एक्जुकेटिव कार्यक्रम और सीएस प्रोफेशनल कार्यक्रम के दिसंबर, 2012 में हुई परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सीएस फाउंडेशन कार्यक्रम में लुधियाना की निशा गर्ग ने पहला स्थान प्राप्त किया है। जबकि दूसरे स्थान पर गजल मोदी (श्रीगंगानगर), कनिका अग्रवाल( चंडीगढ़), गरिमा ओसवाल (चंडीगढ़ )ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं बयाना की रहने वाली प्राची मित्तल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

सीएस एक्जुकेटिव कार्यक्रम में पहला स्थान भीलवाड़ा के रहने वाले अमित नोलखा ने प्राप्त किया है। वहीं दूसरा स्थान इंदौर की रहने वाली पेरेरीता भाते को और तीसरा स्थान जयपुर की रहने वाली हिमानी जैन ने प्राप्त किया है। सीएस प्रोफेशनल कार्यक्रम में पुणे के रहने वाले अब्दुल्लाह रशीद फकीह ने पहला स्थान प्राप्त किया है। कंपनी सेक्रेटरी फाउंडेशन के नए सेलेबस पर आधारित अगली परीक्षा का आयोजन 01 जून, 2013 और पुराने सेलेबस पर आधारित परीक्षा का आयोजन 02, जून को किया जाएगा। जबकि सीएस एक्जुकेटिव और सीएस प्रोफेशनल कार्यक्रम की परीक्षा का आयोजन 2 जून और 09 जून 2013 को किया जाएगा। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च है।

दैनिक भास्कर

राष्ट्रीय संस्करण नई दिल्ली . मंगलवार. 26 फरवरी, 2013 9

न्यूज़ इनबॉक्स

# सीएस एक्जीक्यूटिव परीक्षा में भीलवाड़ा के अमित टॉपर



**भीलवाड़ा।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की परीक्षाओं सीएस फाउंडेशन, सीएस एक्जीक्यूटिव व सीएस प्रोफेशनल का परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। सीएस एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम में भीलवाड़ा के अमित नौलखा ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 73 प्रतिशत (600 में से 438) अंक प्राप्त किए। ये परीक्षाएं दिसंबर में आयोजित हुई थीं।

पंजाब केसरी

दिल्ली/जयपुर मंगलवार, 26 फरवरी, 2013

## कंपनी सचिव परीक्षा परिणाम घोषित

*नई दिल्ली, (वार्ता): कंपनी सचिव की दिसम्बर 2012 में ली गई परीक्षा के परिणाम आज घोषित कर दिए गए। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार यह परिणाम पूरे देश में क्षेत्रीय और चैप्टर कार्यालयों में उपलब्ध हैं। परिणाम की जानकारी संस्थान की वेबसाइट से भी जाने जा सकते हैं।*

हिन्दुस्तान नई दिल्ली • मंगलवार • 26 फरवरी 2013 • 04

# दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया

देश के आर्थिक विकास में एस्.एम.ई. की भूमिका को मान्यता देने के लिए, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) और स्टॉक एक्सचेजों ने निवेशकों के हितों को ध्यान में रखते हुए, बाजार से एस.एम.ई. द्वारा संसाधनों को बढ़ाने के लिए एक अनुकूल नियामक रूपरेखा निर्धारित की है। इस रूपरेखा के अनुसार, वे एस.एम.एस. जो स्टॉक एक्सचेंज के एस.एम.ई. मंच पर सूचीबद्धता के मानदंडों को पूरा करते हैं, बाजार से संसाधनों को बढ़ा सकते हैं।

एस.एम.ई. से प्राप्त एक अनुरोध पर विचार करते हुए, स्टॉक एक्सचेंज एकाउंट में विभिन्न विशिष्टियों को रखते हैं। एक महत्वपूर्ण विशिष्टि, दि इस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया (आई.सी.एस.आई.) की दिशा-निर्देश टिप्पणी के अनुसार पी.सी.एस. द्वारा जारी किया गया है अनुपालन प्रमाणपत्र है। काउंसिल ऑफ इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, सीएस एस.एन. अनंत सुब्रमण्यम के अनुसार, आई.सी.एस. आई. ने, बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज लि. (बी.एस.ई.) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एन.एस.ई. आई.एल.) के परामर्श से, प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिव (पी.सी.एस.) द्वारा जारी किए जाने वाले अनुपालन प्रमाणपत्र का प्रारूप तथा उसके इस्तेमाल हेतु एक दिशा-निर्देश टिप्पणी को भी विकसित किया है। सेबी अधिनियम, प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम और उसके अधीन दिए गए नियमों/विनियमों के एस.एम.ई. के अनुपालन के स्तर को सत्यापित करने के लिए पी.सी.एस. को दिशा-निर्देश टिप्पणी की जरूरत पड़ती है। अनुपालन प्रमाणपत्र तथ उनकी दिशा-निर्देश टिप्पणी संस्थान की वेबसाइट www.icsi.edu पर उपलब्ध हैं। एस.एम.ई. द्वारा संसाधनों को बढ़ाने की सुविधा प्रदान करने और नियामक रूपरेखा के कार्यान्वयन हेतु पी.सी.एस. को सशक्त बनाने के लिए यह आई.सी.एस.आई. की पहलकदमी का हिसा है।

राष्ट्रीय सहारा
www.samaylive.com
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण
• नई दिल्ली • लखनऊ • गोरखपुर • पटना • कानपुर • देहरादून • वाराणसी से प्रकाशित
नई दिल्ली। मंगलवार • 26 फरवरी • 2013

# सीएस परीक्षा में लड़कियों का जलवा

नई दिल्ली(एसएनबी)। कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) की त्रिस्तरीय परीक्षा के नतीजे सोमवार को घोषित कर दिए गए। दिसम्बर 2012 में हुई परीक्षाओं में सीएस फाउंडेशन में निशा गर्ग, सीएस एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में अमित नौलखा व सीएस प्रोफेशनल प्रोग्राम में अदुल्लाह राशिद फकीह पहला रैंक हासिल कर टॉपर बने हैं। सीएस फाउंडेशन की परीक्षा में इस बार पहले से तीसरे रैंक हासिल करने में लड़कियों ने बाजी मारी है। परीक्षा के नतीजे ईस्टीट्यूट के सभी रीजनल व चैप्टर कार्यालयों में देशभर में एक साथ घोषित कर दिये। (शेष पेज 2)

## सीएस परीक्षा में लड़कियों...

आज घोषित नतीजों में सीएस फाउंडेशन के नतीजे में निशा गर्ग के बाद दूसरे रैंक में तीन छात्राओं ने बाजी मारी है। इनमें गजल मोदी, कनिका अग्रवाल, गरिमा ओसवाल और तीसरे रैंक पर प्राची मित्तल रही हैं। इसी प्रकार सीएस एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में अमित नौलखा, दूसरे रैंक पर प्रेरिता बहेटी व तीसरे रैंक पर हिमानी जैन रही हैं। इसी प्रकार तीसरे स्टेज की परीक्षा यानी सीएस प्रोफेशनल प्रोग्राम के परीक्षा के नतीजे में पहले रैंक पर अब्दुल्लाह के बाद दूसरे रैंक पर आदित्य विक्रम डागा और तीसरे रैंक पर अन्नापूर्णा श्रीकांत रहीं हैं। कंपनी सेक्रेटरीज के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 3.6 लाख विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इसमें करीब 1.20 लाख विद्यार्थी आमतौर पर परीक्षा में बैठते हैं, लेकिन इस बार कितने परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे, इसका आंकड़ा सामने नहीं आया है। सीएस के फाउंडेशन व एग्जीक्यूटिव की परीक्षा इस साल एक जून और प्रोफेशनल प्रोग्राम की परीक्षा 9 जून को आयोजित की जाएगी। इन परीक्षाओं के लिए आवेदन भरने की अंतिम तिथि 25 मार्च रखी गई।

AEGON RELIGARE LIFE INSURANCE Presents The Economic Times BUDGET 2013 Financial Partner ICICIdirect.com Associate Sponsors Mahindra Nitesh Renault infibeam Emirates Standard Chartered

Printed from
THE TIMES OF INDIA

# 10 from Vadodara clear Company Secretary exam

TNN | Feb 26, 2013, 04.58 AM IST

Aahlaad Kaur,
41 year old,
Call Center Manager
"Once I found out that I could trade big transactions of $40,000 with only $100, trading became a part of my everyday routine"



Discover what you can do with your $100 >
iFOREX

VADODARA: Ten students from the city have cleared the Company Secretary (CS) examination conducted by the Institute of Company Secretaries of India (ICSI). The ICSI declared the results for its foundation, executive and professional level examinations for the December 2012 session on Monday.

The Vadodara chapter of the Western India Regional Council of ICSI felicitated the successful students.

This year, Alpa Chhajer was the only student from the city, who cleared all the four groups of professional level examination. A total of 86 students had appeared for the exams in all the four groups.

In all, 36 students from the city had appeared for the foundation level (old syllabus) examination in which Urvi Shah, topped the city with all India rank of 24. The total pass per cent at this level was 44.44.

Similarly, 159 students had appeared for the foundation level (new syllabus) examination in which Saket Pathak from the city received all India rank of 21. The total pass per cent stood at 68.55.

In the two groups of executive level examination, 672 students had appeared. While the result of the first group stood at 14.49 per cent that of second group stood at 21.19 per cent.

In all, 349 students had appeared in the examinations in the four groups of professional level of CS. The pass per cent in first, second, third and fourth group was 16.89, 16.13, 20.63 and 25.26, respectively.

Share your views

THE TIMES OF INDIA
Powered by INDIATIMES

About us
Privacy policy
Newsletter
Sitemap

Advertise with us
Feedback
TOI Mobile
Archives

Terms of Use and Grievance Redressal Policy
RSS
aPaper

millenniumpost.in

RNI NO.: DELENG
REGD. NO.: DL(S)-

millenniumpost

VOL. 8, ISSUE 48 | Tuesday, 26 February 2013 | New Delhi | Pages 16 | Rs 3.00

NO HALF TRUTH

# The ICSI introduces new globally receptive syllabus

NIKKI UTPAUL

NEW DELHI: CS S N Ananthasubramanium, the newly elected President of the Counsil of the ICSI said that students are the lifeline of the Institute and the profession. He shared that new syllabus for Executive and Professional Programme which is contemporary in approach and global in perspective is being launched soon.

The council has decided to implement the new syllabus for Executive Programme with effect from 1 February 2013 and the Professional Programme with effect from September 1, 2013. They further said that now students who have completed their Foundation Examination of the Institute of Cost Accountants of India or Common Proficiency Test (CPT) of the Institute of Chartered Accountants of India or any other Accountancy Institution in India or abroad recognized as equivalent thereto by the Council are exempted from CS Foundation programme and are eligible to apply for CS Executive programme.




PIC /NAVEEN SHARMA

CS Rajiv Bajaj, outgoing chairman and Brand Building & Innovation Committee chairman, NIRC-ICSI briefed on the results of Company Secretaries examinations held in December 2013, which were declared on Monday at New Delhi.

Northern India Regional Council (NIRC) is one of the four regional councils of the Institute of Company Secretaries of India (ICSI). NIRC represents the states of Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Haryana, Punjab, Rajasthan, Uttarakhand, Uttar Pradesh, National Capital Territory of Delhi and Union Territory of Chandigarh. NIRC has 30 chapters and more than 9500 members on the rolls and 1,53,000 students spread over different parts of the region.